GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
DIRECTOATE OF EDUCATION, ESTABLISHMENT-III
OLD SECRETARIAT, DELHI-110054.

F. no. DE3 (10)/E-III/Misc.Cor./11/7996 Dated: 26/06/2011

To

The OS (IT),
Dte. Of Education,
Govt. of NCT of Delhi

Sub: Reg.-Enrollment in One Year Vaksetu P.G. Translation (English-Hindi-English) Diploma Course.

Sir,

Please find enclosed herwith letter received from from Dr. Puranchand Tandon, Director (Course), Bhatriya Anuvad Parisad (in original) with the request to put Admission Notice regarding above mentioned course in our Department Notice Board.

It is therefore, requested to look into the matter and take necessary action in this regard.

Yours faithfully,

(B.S.VASHISHT)
A.D.E.(E-III)

Encl.: As above.

3623/IT
23/6/11

22.6.11

# भारतीय अनुवाद परिषद
# Bhartiya Anuvad Parishad

24, स्कूल लेन, बेसमेंट बंगाली मार्केट, नई दिल्ली –110 001(भारत) दूरभाष : 23327202, फैक्स : 91–11– 23352278, **23319488 23327472**
24, School Lane (Basement) Bengali Market, New Delhi-110 001 (India) Tel : 23327202, Fax : 91-11- 23352278, 23319488, 23327472
E-mail - bap.1964@gmail.com

अध्यक्ष
डॉ० टी० एन० चतुर्वेदी

उपाध्यक्ष
कृष्णगोपाल अग्रवाल
सन्तोष खन्ना

महासचिव
डॉ. पूरनचंद टंडन

अपर सचिव
डॉ. एच. बालसुब्रह्मण्यम
डॉ. कुसुम अग्रवाल

संयुक्त सचिव एवं संपादक
नीता गुप्ता

संयुक्त सचिव
जैमिनी कुमार श्रीवास्तव
शुचिता मीतल

सचिव, प्रचार–प्रसार
डॉ. हरीश कुमार सेठी

कोषाध्यक्ष
चारू शेखर गुप्ता

*Chairman*
Dr. T.N.Chaturvedi

*Vice-Chairman*
Krishan Gopal Agrawal
Santosh Khanna

*General Secretary*
Dr. Puran Chand Tandon

*Addl. Secretary*
Dr. H. Balsubramanaim
Dr. Kusum Aggarwal

Jt. Secretary and Editor
Neeta Gupta

*Jt. Secretary*
Jaimini Kr. Srivastava
Shuchita Mital

Secretary, Publicity
Dr. Harish Kumar Sethi

*Treasurer*
Charu Shekhar Gupta

पत्रांक : भाअप / पाठ्यक्रम / 2011–2012 / 1728 दिनांक : 23.05.2011

प्रतिष्ठा में,
निदेशक
ऐजुकेशन डिपार्टमेन्ट
Addl. DE (Admn.) 1.6.11
ADE (E-III)

4355
1-6-11

महोदय / महोदया,

भारतीय अनुवाद परिषद, भारतीय तथा विदेशी भाषाओं के अनुवादकों की एकमात्र अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्था है जो विगत 47 वर्षों से अनुवाद के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। परिषद, अनुवाद संबंधी विभिन्न गतिविधियों का संचालन करती है, जिनमें भारत सरकार से मान्यता प्राप्त एकवर्षीय वाक्‌सेतु स्नातकोत्तर अनुवाद (अंग्रेजी–हिंदी–अंग्रेजी) डिप्लोमा पाठ्यक्रम का विशिष्ट स्थान है।

इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के अलावा सरकारी / अर्द्धसरकारी / गैर–सरकारी तथा स्वायत्त संस्थाओं / संस्थानों के कर्मचारी / अधिकारी अनुवाद का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। यदि आपकी संस्था / संस्थान के कर्मचारी भी इस एकवर्षीय स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत अनुवाद का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तो निःसंदेह इस पाठ्यक्रम से आपके कर्मचारियों / अधिकारियों को बेहद लाभ होगा। **इस पाठ्यक्रम के वर्ष 2011–2012 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।** आपसे अनुरोध है कि आप अपनी संस्था / संस्थान से अनुवाद का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों / अधिकारियों को भेजने की कृपा करें। पत्र के साथ संलग्न **'प्रवेश सूचना'** नोटिस की एक प्रति अपने संस्था / संस्थान के सूचना–पट्ट पर अंकित करवाने की कृपा कर अनुगृहीत करें। कृपापूर्ण सहयोग के लिए परिषद आपकी आभारी होगी।

सधन्यवाद।

संलग्न : प्रवेश सूचना

भवदीय

(डॉ. पूरनचंद टंडन)
निदेशक, पाठ्यक्रम

Diary No. 5928
Date 2/6/11

3237/E(II)
03/6/11

**प्रवेश प्रारंभ** **वर्ष 2011-2012** **प्रवेश प्रारंभ**

# भारतीय अनुवाद परिषद

एकवर्षीय

## वाक्सेतु स्नातकोत्तर अनुवाद (अंग्रेज़ी–हिन्दी–अंग्रेज़ी) डिप्लोमा

## (भारत सरकार से मान्यता प्राप्त)

24, स्कूल लेन (बेसमेंट), बाबर रोड, बंगाली मार्केट, नई दिल्ली–110001
फोन : 23327202, 23352278, टेलीफैक्स : 91–11–23352278
**E-mail – bap.1964@gmail.com**
**Website – Bhartiya Anuvaad Parishad.org**

**प्रवेश–सूचना**

'भारतीय अनुवाद परिषद', नई दिल्ली, भारतीय तथा विदेशी भाषाओं के अनुवादकों की एकमात्र अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्था है जो विगत 47 वर्षों से अनुवाद के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इस **'एकवर्षीय वाक्सेतु स्नातकोत्तर अनुवाद (अंग्रेज़ी–हिन्दी–अंग्रेज़ी) डिप्लोमा' पाठ्यक्रम में शैक्षिक वर्ष** 2011–2012 के अंतर्गत प्रवेश हेतु कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है।

इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन–पत्र तथा पाठ्यक्रम विवरणिका परिषद के कार्यालय से **सोमवार, 13 जून 2011** से किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10.00 से सायं 6.00 बजे तक 150/– रुपए नकद अथवा 200/– रुपए का मनीऑर्डर/डी.डी. भेजकर प्राप्त कर सकते हैं। भुगतान राशि केवल **'भारतीय अनुवाद परिषद'** के नाम से ही भेजें। **आवेदन–पत्र प्राप्त करने एवं जमा कराने की अंतिम तिथि, शुक्रवार 05 अगस्त 2011 निश्चित की गई है। प्रवेश हेतु साक्षात्कार शनिवार, दिनांक 06 अगस्त, 2011 को प्रातः 10.00 से सायं 4.00 बजे तक परिषद के कार्यालय में निश्चित किया गया है।** साक्षात्कार के आधार पर चुने गए विद्यार्थियों की प्रथम सूची **सोमवार, 08 अगस्त 2011** को प्रातः 11.00 बजे परिषद–कार्यालय में लगा दी जाएगी। पाठ्यक्रम की कक्षाएँ **मंगलवार, 16 अगस्त 2011** से प्रारंभ होंगी। इस पाठ्यक्रम के **दो बैच** चलाए जा रहे हैं, जिनमें **प्रथम बैच** का समय **सायं 4.00 से 5.30 बजे** तथा **दूसरे बैच** का समय **सायं 6.00 से 7.30 बजे** तक निश्चित है। विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार किसी एक बैच का चयन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम की कक्षाएँ सप्ताह में **चार दिन** सोमवार, मंगलवार, बुधवार तथा बृहस्पतिवार के लिए निर्धारित है।

***किसी भी विषय में स्नातक (बी.ए./बी.कॉम/बी.एस.सी./बी.ए. आनर्स/बी.ए. प्रोग्राम) उपाधि प्राप्त कर चुके विद्यार्थी या इस वर्ष स्नातक उपाधि के लिए तृतीय वर्ष की परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थी, स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर चुके या शिक्षारत, जो विद्यार्थी अनुवादक, राजभाषा–अधिकारी बनने की योग्यता अर्जित करना चाहते हैं अथवा रेडियो, दूरदर्शन, सम्पादन, पत्रकारिता, सूचना–प्रौद्योगिकी तथा भाषा–प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों को जीविकोपार्जन के लिए चुनना चाहते हैं उनके लिए परिषद के इस रोज़गारोन्मुख पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने का सुनहरा अवसर है। इच्छुक विद्यार्थी, शुक्रवार 5 अगस्त, 2011 तक आवेदन–पत्र जमा कराना न भूलें।***

पाठ्यक्रम संबंधी अन्य किसी जानकारी के लिए व्यक्तिगत रूप से परिषद–कार्यालय (24, स्कूल लेन (बेसमेंट), बाबर रोड, (फ्लाई ओवर के नीचे) निकट 'होटल द ललित', बंगाली मार्केट, नई दिल्ली–110001 अथवा दूरभाष नम्बर 23327202, 23352278 (टैलीफैक्स) पर सम्पर्क करें।

| | |
|---|---|
| कुलसचिव | निदेशक |
| (कृष्णगोपाल अग्रवाल) | (डॉ. पूरनचंद टंडन) |
| 9582328650 | 9810287732 |